भाग 3- परमेश्वर का समय

परमेश्वर की पवित्र उपस्थिति में उपासना और प्रार्थना

<u>परमेश्वर के हथियार को पहनना</u>

<<<प्रति प्रातः काल के लिये नियमित रूप से इस प्रार्थना को अपना लो, परमेश्वर की शक्ति और ताकत से यह प्रार्थना तुम्हें प्रतिदिन के आत्मिक चुनौतियों का सामना करने के लिये तैयार करेगा।>>>

प्रेमी परमेश्वर मैं जानता हूँ कि जैसे ही मैं अपने बिस्तर से उठता अपना पहला कदम यु(भूमि में रखता हूँ। किन्तु यह भी जानता हूँ, कि तूने मुझे सब कुछ दिया हैं मुझे स्थिर खड़े रहना है। अतः तुम्हारी पवित्र-आत्मा की शक्ति के द्वारा मैं परमेश्वर के कवच धारण करता हूँ।
सर्वप्रथमः मैं अपने सिर पर उद्धार का टोप पहनता हूँ। दया करके मेरे मस्तिष्क और विचारों की रक्षा करना। कृपा करके मेरी आंखों की रक्षा करना ताकि कोई पाप मेरे अन्दर प्रवेश करने ना पाये। कृपा करके मेरे विचारों को परमेश्वर की चीजों पर केन्द्रित करना, धार्मिकता का कवच मेरे हृदय और मेरी भावनाओं को सुरक्षित रखे। मेरी प्रार्थना है कि मैं अपनी भावनाओं से नहीं पर सच्चाई से शासित रहूँ। मैं अपने चारांे ओर तेरे वचन को पट्टे का सा बान्ध रखूंगा। कृपया मुझे त्रुटियों से बचाए रखना। मैं अपने पांवों में शान्ति के जूते अपने कदमों की अगुवाई के लिये पहन रखा है। कृपया मेरे कदमों को अपनी सच्चाई पर बनाये रखना। शैतानी आक्रमणों के विरुद्ध स्थिर खड़े रहने की मुझे शक्ति प्रदान करना।

द्वितीयः मैं विश्वास का ढाल उठाता हूँ। हे परमेश्वर कृपया मुझे शैतान के जलते तीरों से बचाना। शैतानी योजनाओं का विरोध करने के लिये अपनी सेना में कंधे से कंधे मिलाकर चलने के लिये मुझे बनाये रखना। अन्त में मैं आत्मिक तलवार को लेता हूँ, तेरा पवित्र वचनः प्रेमी परमेश्वर मुझे ताजगी के साथ बाइबल पढ़ने के लिये सहायता करना, ताकि में हर दम शैतानी आक्रमणों का सामना करने के लिये तैयार रहूँ और तेरी सच्चाई को दूसरों में बाँट सकूं।

मुझे ज्ञात है कि आज मुझे शैतानी हमलों का सामना करना पड़ेगा किन्तु हे परमेश्वर तूने मुझे स्थिर रहने की शक्ति दी है। हे परमेश्वर आज के यु(के लिये मुझे शक्ति प्रदान कर। यह प्रार्थना मैं यीशु मसीह के नाम से माँगता हूँ। आमीन।।

बाइबल संदर्भ (इफिसियों 6:13-18)

<u>प्रभु की प्रार्थना</u>

हे हमारे पिता, तू जो स्वर्ग में है,
तेरा नाम पवित्र माना जाए।
तेरा राज्य आए।
तेरी इच्छा जैसी स्वर्ग में पूरी होती है,
वैसे पृथ्वी पर भी हो।
हमारी दिन भर की रोटी आज हमें दे।
और जिस प्रकार हमने अपने अपराधियों को क्षमा किया है,
वैसे ही तू भी हमारे अपराधों को क्षमा कर।
और हमें परीक्षा में ना ला,
परन्तु बुराई से बचा
क्योंकि राज्य और पराक्रम
और महिमा सदा तेरे ही है।
अब और हमेशा
आमीन।।

बाइबल संदर्भ (मत्ती 6:9-13)

<u>परमेश्वर से सुरक्षा हेतु प्रार्थना</u>

हम जो परम-प्रधान के छाये हुए स्थान में बैठे रहे वह सर्वशक्तिमान की छाया में ठिकाना पायेगा। मैं यहोवा के विषय में कहूँगा, फ्तू मेरा शरणस्थान और गढ़ है, वह मेरा परमेश्वर है, मैं उस पर भरोसा रखूंगा।

वह हमें बहेलिये के जाल से, और महामारी से बचायेगा। तू हमें अपने पंखों की आड़ में ले लेगा और हम उसके पैरों के नीचे शरण पायेंगे। तेरी सच्चाई हमारे लिये ढाल और झिलक ठहरेगी। हम ना रात के भय से डरेंगे और ना उस तीर से जो दिन को उड़ता है। ना उस मरी से जो अन्ध्ेरे में पैफलती है, और ना उस महारोग से जो दिन दोपहरी में उजाड़ता है। हमारे निकट हजार, और अपनी दाहिनी ओर दस हजार गिरेंगे, परन्तु वह हमारे पास न आयेगा। परन्तु हम अपनी आँखों से दृष्टि करेंगे और दुष्टों के अन्त को देखेंगे। हे यहोवा तू हमारा शरणस्थान ठहरा है। हमने जो परमप्रधान को अपना धाम मान लिया है, इसलिए कोई विपत्ति हम पर ना पड़ेगी, ना कोई दुख हमारे डेरे के निकट आयेगा।

क्योंकि तू अपने दूतों को हमारे निमित्त आज्ञा देगा, जहाँ कहीं हम जाये वे हमारी रक्षा करे। वे हमको हाथों हाथ उठा लेगें ऐसा ना हो कि हमारे पांवों में पत्थर से ठेस लगे। हम सिंह और नाग को कुचलेगे, हम जवान सिंह और अजगर को लताडेंगे। हमने जो तुझ से स्नेह किया है, इसलिये तू हमको छुड़ायेगा।

तू हमें उंफचे स्थान पर रखेगा,
क्योंकि हमने तेरे नाम को जान लिया है।
जब हम तुझे पुकारेंगे, तब तू हमारी सुनेगा,
संकट में तू हमारे संग रहेगा।
तू हमें बचाकर हमारी महिमा बढ़ायेगा।
तू हमें दीर्घायु से तृप्त करेगा
और अपने किए हुए उद्धार का दर्शन दिखाएगा।

बाइबल संदर्भ (भजन 91)

<u>परमेश्वर हमारा प्रदाता है (हमारी सभी आवश्यकताओं का ख्याल रखता है)।</u>

यहोवा तू मेरा चरवाहा है, मुझे कुछ घटी ना होगी।
तू मुझे हरी-हरी चराइयों में बैठाता है,
तू मुझे सुखदाई जल के झरने के पास ल चलता है,
तू मेरे जी में जी ले आता है।
धर्म के मार्गों में तू अपने नाम के निमित्त मेरी अगुवाई करता है।
चाहे में घोर अन्धकार से भरी हुई तराई में होकर चलूं तो भी हानि से ना डरूंगा, क्योंकि तू मेरे साथ रहता है।
तेरे सोटे और तेरी लाठी से मुझे शान्ति मिलती है।
तू मेरे सताने वालों के सामने मेरे लिये मेज बिछाता है,
तूने मेरे सिर पर तेल मला है,
मेरा कटोरा उमड़ रहा है।
निश्चय तेरी भलाई और करूणा जीवन भर मेरे साथ-साथ बनी रहेगी।
और हे यहोवा में तेरे धाम में सर्वदा वास करूंगा।

बाइबल संदर्भ (भजन 23)

3 बजे की प्रार्थना

यीशु तूने अपना प्राण दे दिया, किन्तु जीवन का स्रोत आत्माओं के लिये तुझसे बह निकला
और करूणा का सागर समस्त संसार के लिये खुल गया है।
तूने संपूर्ण जगत को ढक दिया और हमारे लिये अपने आपको खाली कर दिया।
हे लोहू और जल
जो यीशु के हृदय से पूफट निकला,
जो हमारे लिये दया के सोते जैसा था।
हमारा भरोसा तुझ पर है
पवित्र परमेश्वर तू जो पवित्र शक्तिशाली है, तू पवित्र अविनाशी है। हम पर और समस्त संसार पर दया कर (3 बार)
प्रभु यीशु, दया के राजा, हम तुझ पर भरोसा करते हैं।
आमीन।।

परमेश्वर के मार्गदर्शन की खोज

हे परमेश्वर मुझे जो निर्णय लेने हैं उसमें तेरे मार्गदर्शन की आवश्यकता है। मेरे जीवन के प्रति अपनी इच्छा प्रकट कर। हे परमेश्वर मैं अपने संपूर्ण मन से तुझ पर भरोसा करता हूँ। मैं अपनी समझ का सहारा नहीं लेता। मैं अपने हर कार्य में तेरी इच्छा को चाहता हूँ। हे परमेश्वर मैं जानता हूँ कि तू मुझे उस मार्ग को दिखायेगा जो मेरे लिये उचित है।

परमेश्वर मुझे तेरी उपस्थिति में स्थिर रहने की शिक्षा दे। तेरी शिरीन आवाज सुनने की समझ दे। मुझे ऐसी आशीष दे कि मैं तेरा आज्ञाकारी बने रहूँ और तेरे निर्देशों के अनुसार चल सकूं। हे परमेश्वर मेरे लिये सब कुछ तेरे वचन और इच्छा के अनुसार हो।

पिता, यीशु मसीह के नाम से इस प्रार्थना को माँगता हूँ। आमीन।।

बाइबल संदर्भ (नीतिवचन 3:5-6)

<u>व्याकुलता, तनाव और चिन्ता काबू पाने के लिये प्रार्थना</u>

हे सर्वशक्तिमान परमेश्वर। मैं प्रार्थना में तेरे पास आता हूँ। तू मेरी दशा को जानता है जिसमें से होकर मैं गुजर रहा हूँ। मैं चिन्ता और तनाव में हूँ। मैं जानता हूँ चिन्ता और तनाव में रहने से मुझे कोई लाभ नहीं है। और यह भी जानता हूँ कि तू सर्वशक्तिमान, शक्तिशाली और प्रेमी है। मैं तुझसे शान्ति और आशीष पाने हेतु तेरे पास आता हूँ। मैं जानता हूँ कि तू अपने बच्चों को अपने पास बुलाता है। मुझ जैसों को भी जो थे और बोझ से दबे हुए हैं। मैं यह भी जानता हूँ कि तूने मुझे आराम देने का वादा किया है। हे परमेश्वर मैं अपनी सारी चिन्ताओं और तनाव को तुझे सौंप देता हूँ। क्योंकि तू मेरी फिक्र करता है। धन्यवाद प्रभु, तू अत्यन्त दयालु और विनीत हृदय वाला है। मुझे तुझमें शान्ति मिलेगी।

मैं इस दुनिया के उन सभी लोगों के लिये भी दुआ करता हूँ जो मेरे जैसी स्थिति में है। हम सभों को अपनी शान्ति से आशीषित करना।

यह सब कुछ विनती मैं सबसे सर्वशक्तिमान ईश्वर के पुत्र यीशु मसीह के नाम से माँगती हूँ। आमीन।

बाइबल संदर्भ (मत्ती 11:28-30, 1 पतरस 57)

<u>चंगाई के लिये प्रार्थना</u>

सर्वशक्तिशाली परमेश्वर तू पवित्र और धर्मी है। तू शक्तिशाली और दयावान है। सारे स्वर्ग और पृथ्वी का अधिकार तेरे पास है।

प्रेमी परमेश्वर, तू अनुग्रहकारी है, तूने हम सभों को जीवन दिया है, तू हमारा उद्धारकर्ता है। तेरे हाथों में सारे रोगों और चिन्ताओं से चंगाई देने का अधिकार है।

तू अत्यन्त प्रेमी और दयावान है। तूने अपने प्रिय पुत्र प्रभु यीशु मसीह को हमारे उद्धार के लिये दे दिया है। उसके कोड़े खाने से और उसके पवित्र लोहू से हमारे सारे रोग और पाप धुल गये और हम चंगे हो गये।

मैं अपनी सारी कमियों और पापों को मान लेता हूँ। परमेश्वर मुझे क्षमा कर, हे परमेश्वर मुझे क्षमा कर, हे परमेश्वर तेरे बिना मैं कुछ भी नहीं हूँ, केवल तेरे अनुग्रह के कारण ही मैं चंगा हुआ हूँ। तू सारे आश्चर्य-कर्मों का परमेश्वर है। मैं तेरा अद्भुत प्रेमी और दयापूर्ण शक्ति पर विश्वास करता हूँ। तूने मुझे क्षमा दी और चंगाई भी दी है। हे परमेश्वर मुझे एक शुद्ध और एक नया हृदय देने के लिये धन्यवाद देता

हूँ। मुझे अपनी शान्ति देने के लिये धन्यवाद, कृपया मेरे साथ बने रहना। तू इमानुएल (परमेश्वर हमारे साथ) है।

तू ही मार्ग जीवन और सत्य है। तू मेरे जीवन की रोशनी है। मेरे प्रति तेरे प्रेम के कारण ही मैं बचाया गया हूँ। हे परमेश्वर मुझे अपने बहुमूल्य और पवित्र लोहू से ढांपे रख।

मुझे अपने पास बनाये रख, प्रभु यीशु मैं तेरी महान शक्ति पर पूरा भरोसा रखता हूँ तू मेरा उद्धारकर्ता चंगाई देने वाला, रखवाला और आश्रय है। तू ही मेरा परमेश्वर है।

प्रभु यीशु तू मेरी आवश्यकताओं, इच्छाओं और मेरे बारे में सब कुछ जानता है। मैं अपने आपको तेरे शक्तिशाली पवित्र हाथों में सौंप देता हूँ। अपनी इच्छा के अनुसार मुझे अपने अधीन रख। मैं तेरा हूँ। मैंने तुझसे चंगाई और उद्धार पाया है।

हे पिता मैं अपने उन सारे भाई बहनों के लिये भी प्रार्थना करता हूँ जिन्हें तेरे अनुग्रह और आशीषों की आवश्यकता है। मैं अपनी प्रार्थना प्रभु यीशु के शक्तिशाली नाम से माँगता हूँ। आमीन।।

बाइबल संदर्भ (यशायाह 53:5, भजन 103:1-5, यूहन्ना 14:6)

<u>परमेश्वर के अधिकार और शक्ति से बुरे विचारों और बुरी आदतों को निकाल देने के लिये प्रार्थना</u>

प्रेमी परमेश्वर मैं जानता हूँ कि तेरी आशीषें और अनुग्रह मेरे उफपर है। मैं बुरे विचारों और आदतों से संघर्ष कर रहा हूँ, जो कि तेरी निगाह में अनुचित है। मैं इन सारे बुरे विचारों और आदतों को अपने से निकाल देना चाहता हूँ। धन्यवाद देता हूँ कि तुने मुझे सांप, बिच्छुओं को रौंदने का और सारी शैतानी शक्तियों पर विजय पाने का अधिकार दिया है। कोई भी मेरी हानि नहीं कर सकते। इसलिये यीशु के शक्तिशाली नाम से मैं उन बुरी आदतों और विचारों को आदेश देता हूँ कि मुझे अभी छोड़कर निकल जाये। हे परमेश्वर कृपया अपने बहुमूल्य लोहू से धोकर मुझे सारे पापों से शुद्ध कर। अपनी अनुग्रह और दया से मुझे भर दे ताकि मैं तेरे नाम को बढ़ाने और महिमा करने के लिये जीऊँ। प्रभु यीशु मसीह के नाम से यह प्रार्थना करता हूँ। आमीन।।

बाइबल संदर्भ (लूका 10:13)

<u>शान्ति के लिये प्रार्थना</u>

हे परमेश्वर मेरा हृदय क्लेशित है। मुझमें शान्ति नहीं है। मैं अपने दिमाग से ये सब निकाल देना चाहता हूँ, किन्तु विचलित करने वाले विचार आते ही रहते हैं। हे प्रभु यीशु तूने अपनी सन्तान को शान्ति देने का वादा किया है। तूने कहा है कि "मैं तुम्हें शान्ति दिये जाता हूँ, अपनी शान्ति तुम्हें देता हूँ, जैसे संसार देता है, मैं तुम्हें नहीं देता तुम्हारा मन व्याकुल ना हो और ना डरे"।
प्रभु यीशु मैं तेरे वायदे पर विश्वास करता हूँ। तुझ पर मेरा विश्वास है। मेरे साथ रहने के लिये धन्यवाद। मैं तेरे पवित्र नाम की प्रशंसा करता हूँ। मैं अपनी सारी चिन्ताओं को तुझे सौंप देता हूँ क्योंकि तू मेरी फिक्र करता है। और मैं विश्वास करता हूँ कि तेरी शान्ति मुझ पर है। तेरी शान्ति मुझ में कार्य कर रही है। तेरी शान्ति सारे मानव समझ से ऊपर है। धन्यवाद प्रभु,

हे परमेश्वर में जानता हूँ कि उन सारे लोगों को जिनका विश्वास तुझ पर है और जिनके विचार तुझ पर स्थिर रहते हैं, तू अपनी शानित में बनाये रखता है।

मैं तेरे उन सारे बच्चों के लिये भी प्रार्थना करता हूँ जिनके हृदय में शान्ति नहीं है। तेरी शाति उनके हृदय में भी आने दे। हे पिता मैं अपनी यह प्रार्थना प्रभु यीशु के शक्तिशाली नाम से माँगता हूँ। आमीन।।

बाइबल संदर्भ (यूहन्ना 14:27, भजन 4:8, यशायाह 26:3-4, 1 पतरस 5:7, फिलिप्पियों 4:6-7)

<u>अपनी गलतियों और पापों की क्षमा के लिये परमेश्वर से प्रार्थनाः</u>

प्रेमी स्वर्गीय पिता मुझे अपने पास आने दे ताकि मैं तेरी पवित्र उपस्थिति में आकर तेरे चरणों के पास बैठूँ। मैं तुझसे अपने उन सारे पापों के लिये क्षमा माँगता हूँ। जो मैंने अपने विचारों, शब्दों और कार्यों में किया है।

[[[तुमने जो पाप और गलतियां की है उनके लिये क्षमा माँगों

- अपने बचपन में

- अपनी जवानी में

- अपने कार्‌य स्थल में / स्कूल / आॅफिस

- अपने परिवार के सदस्यों के साथ के सबन्धों में

- अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ के संबन्धों में

- अपने दूसरों के साथ के संबन्धों में

अपनी सारी गलतियों को परमेश्वर के पास लाओ और उनके लिये क्षमा याचना करो।]]]

हे परमेश्वर मेरे हृदय में छिपे पापों को मैं कैसे जान सकता हूँ? कोई क्यों कर अपनी त्रुटियों को जान सकता है? कृपा कर मेरे गुप्त अपराधों को माफ करना। इन छिपी गुप्त त्रुटियों को शुद्ध कर देना। जानबूझ कर करने वाले पापों से मुझे दूर करना। उन पापों को मुझ पर हावी मत होने देना। तब कहीं मैं अपनी त्रुटियों और अनजाने बड़े पापों से छुटकारा पा जाऊँगा।
मैंने पाप किया और केवल तेरी अनुग्रह से ही मेरे पाप धुल गये क्योंकि मै यह मानता हूँ कि यीशु मसीह ही मेरा उद्धारकर्ता है। वह इस संसार में मेरे पापों और बिमारियों को मुझसे दूर करने के लिये आया। उसके अनुग्रह और उसकी सलीबी मृत्यु के कारण ही मैं तुझे पिता करके बुला सकता हूँ।

हे परमेश्वर तू तो प्रेमी और शक्तिशाली है। तूने निनिवे शहर को बचाया और वहाँ के लोगों ने जब अपने पापों से पश्चाताप किया तब उन्हें छुटकारा दिया। हे परमेश्वर तू तो अनुग्रहकारी, दयावान, विलम्ब से क्रोध करने वाला और बहुतायत से प्रेम करने वाला परमेश्वर है।

कृपया मुझे शुद्ध कर और मेरे हृदय और मस्तिष्क को निर्मल कर। मेरे द्वारा किये पापों को माफ कर। मुझे यीशु के बहुमूल्य लोहू से धोकर शुद्ध कर। तेरे पवित्र और महान नाम को मैं धन्यवाद देता हूँ।

तेरी दृष्टि में मेरे मुंह के शब्द और मेरे हृदय के विचार तुझे ग्रहण-योग्य हो। हे परमेश्वर तू मेरी शक्ति है, तू मुझे छुटकारा देने वाला है, कृपया मुझे क्षमा कर और मुझे अपनी शान्ति, प्रेम और आनन्द से आशीषित कर। कृपया मेरे परिवार को भी आशीष दे।

हे पिता मैं यह प्रार्थना यीशु के शक्तिशाली और पवित्र नाम से करता हूँ। आमीन।

बाइबल संदर्भ (भजन. 19:12-14)

<u>दूसरों को क्षमा करने की योग्यता के लिए प्रार्थना</u>

प्रेमी स्वर्गीय पिता मैं दुखी हूँ, मुझे ऐसा लगता है कि मैं दूसरों को क्षमा नहीं कर सकता *[[[उस व्यक्ति का नाम लो जिसे तुम क्षमा नहीं कर सकते]]]* । मैं इस घटना को भूल नहीं पा रहा हूँ। किन्तु मैं यह जानता हूँ कि तू यह नहीं चाहता कि मैं इस अक्षमता को अपने हृदय से रखूँ। बहुत कुछ है जो मैं तुझसे सीख सकता हूँ। तूने अपने इकलौते पुत्र प्रभु यीशु मसीह को मेरे लिये इस संसार में भेजा ताकि वह मेरे लिये अपना प्राण देकर मेरे पापों और रोगों को हर ले। उसके बहुमूल्य लोहू से मेरे पापों की क्षमा हुई।

और उन्हें सदा के लिए धेकर शुद्ध कर दिया। और हे पिता तूने कहा है कि तू मेरे बीते पापों को कभ याद नहीं करेगा।

हे परमेश्वर मुझे दूसरों के प्रति दयालु होने की सीख देना, दूसरों को क्षमा करने की सीख देना। ठीक उसी प्रकार जैसे कि तूने हमारे प्रभु यीशु मसीह के माध्यम से मुझे क्षमा किया है। हे पिता यह प्रार्थना मैं यीशु के महान नाम से करता हूँ। आमीन।

बाइबल संदर्भ (इफिसियों 4:32, इब्रानियों 10:17)

<u>डर से छुटकारे की प्रार्थना</u>

हे प्रेमी परमेश्वर तेरा पवित्र नाम एक शक्तिशाली मीनार है। मैं तेरे पास आता हूँ तो सुरक्षित हो जाता हूँ। तू मेरा प्रभु परमेश्वर है। तू इम्मानुएल है, परमेश्वर हमारे साथ है। वह जो मेरे अन्दर है, उससे कहीं अध्कि महान है जो इस संसार में है। मुझे कोई डर नहीं है।

हे परमेश्वर मैं तेरी सन्तान हूँ और मैं पवित्र-आत्मा के चलाये चलता हूँ। मुझे किसी बात का डर नहीं है। पवित्र-आत्मा मेरे साथ रहकर इस बात की पुष्टि करता है, मैं तेरी सन्तान हूँ।

हे परमेश्वर तू मेरा रखवाला है और सारी बातों का नियंत्रण करता है। मुझे किसी बात का डर नहीं है, क्योंकि तू मेरा अब्बा, पिता है।

ध्न्यवाद, पिता परमेश्वर। कृप्या तू मुझे अपनी शान्ति से आशीषित कर। मैं उन सारे लोगों के लिए प्रार्थना करता हूँ जिनको तेरा अनुग्रह, दया और डर पर विजय की आवश्यकता है। यीशु के महान नाम से प्रार्थना करता हूँ। आमीन।

बाइबल संदर्भ (नीतिवचन 18:10; 1 यूहन्ना 4:4; रोमि. 8:14-16)

<u>परमेश्वर में विश्वास और आशा के लिये प्रार्थना</u>

हे परमेश्वर मैं अपनी प्रार्थना की माँगों को लेकर तेरे पास आता हूँ। मैं जानता हूँ कि तू मेरी प्रार्थनाओं को सुनता है। हे परमेश्वर मेरे जीवन में ऐसे समय आ जाते हैं जब मैं कमजोर हो जाता हूँ और मेरे दिमाग में शंकायें आ जाती हैं। कृपया ऐसे समयों के मेरे विश्वास की कमजोरियों को माफ करना। मेरे अविश्वास को क्षमा करना।

परमेश्वर के वचनों को सुनने से विश्वास आता है। मुझे आशीष दे कि मैं अधिक समय बाइबल पढ़ने में लगा सकूं जो कि पवित्र वचन है। कृपा कर मेरे विश्वास को बढ़ा। विश्वास आशा की हुई वस्तुओं का निश्चय है। जो अनदेखी वस्तुओं का प्रमाण है। मुझे आशीष दे कि तुम पर मेरा विश्वास बढ़े।

मैं जानता हूँ कि तू हमारा प्रेमी परमेश्वर है जो हमारी प्रार्थनाओं का उत्तर देता है। यदि जो मैं माँगता हूँ वह मेरे लिये उचित नहीं है तो कृपया जो मेरे लिये उचित है उसे ही देना। हे पवित्र परमेश्वर तू ने वादा किया है कि मेरे और मेरे जीवन के लिये तेरे पास महान योजना में है। शान्ति की योजना में जिससे मुझे उज्वल भविष्य और आशा प्राप्त हो। मेरा विश्वास है कि मेरे लिये योजनायें जो तेरे पास है वे सबसे उत्तम है। मुझे शिक्षा दे कि मैं तेरे अनुशासन में बना रहूँ। परमेश्वर तू आशा का दाता है। मेरी प्रार्थना है कि मुझे आनन्द और शान्ति से परिपूर्ण कर, क्योंकि मैं तुझ पर भरोसा करता हूँ। तब मैं आशा से भर कर पवित्र-आत्मा से पूर्ण हो जाऊँगा।

मैं उन लोगों के लिये भी प्रार्थना करता हूँ जो अपने विश्वास को लेकर विचलित है और उन्हें आशा की किरण की आवश्यकता है। हे परमेश्वर जो तुझ में है।

हे पिता, यीशु के नाम से मैं प्रार्थना करता हूँ। आमीन।।

बाइबल संदर्भ (रोमि. 10:17, यर्मियाह 29:11, रोमि. 15:13, इब्रानियों 11:1)

<u>प्रेम के लिये प्रार्थना-यीशु के प्रेम के द्वारा बुराई पर विजय के लिएः</u>

हे स्वर्गीय पिता प्रार्थना के माध्यम से हम तेरे पास उन लोगों को लाते हैं जिन्होंने हमारे परिवारों को जाने-अनजाने में नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है। हे पिता तूने हमें दूसरों को क्षमा करते हैं और इनकी शान्ति और तरक्की के लिये भी प्रार्थना करते हैं। उनको अपनी शान्ति अनुग्रह और दया से आशीषित कर।

यीशु प्रभु तूने कहा है, परन्तु मैं तुसे यह कहता हूँ कि अपने बैरियों से प्रेम रखो और अपने सताने वालों के लिये प्रार्थना करो, जिससे तुम अपने स्वर्गीय पिता की सन्तान ठहरोगे क्योंकि वह भले और बुरे दोनों पर अपना सूर्य उदय करता है, और धर्मी और अधर्मी दोनों पर मेह बरसाता है।

हे परमेश्वर हम तेरे आज्ञाकारी है। और हम इन सब के लिये प्रार्थना करते है कि तू उनहें अपने प्रेम, शान्ति तथा आनन्द से आशीषित कर। वे लोग तुझे जानें और अपने हर एक अपने व्यक्तिगत जीवन में तेरा अनुभव करें। पिता में यीशु के शक्तिशाली नाम से यह प्रार्थना करता हूँ। आमीन।

बाइबल संदर्भ (मत्ती 5:44-45)

<u>समर्पण की प्रार्थना- परमेश्वर को मेरे जीवन का प्रभार देने के लियेः</u>

हे परमेश्वर तूने कहा, “माँगों तो तुम्हें दिया जायेगा, ढूंढ़ों तो तुम पाओगे, खटखटाओ तो तुम्हारे लिये खोला जायेगा।" हे परमेश्वर मैं तुझे अपने जीवन में आने के लिये न्योता देता हूँ, मैं तेरी इच्छा जानना चाहता हूँ। परमेश्वर में अपना जीवन तुझे समर्पित करता हूँ। मैं तुझे अपने जीवन में प्रथम स्थान देता हूँ। कृपया मेरे जीवन का प्रभार ले और उसे अपने नियंत्रण में कर, क्योंकि मैं जानता हूँ कि मेरे लिये तेरी योजना सबसे अच्छी योजना है।

मैं जानता हूँ कि तू हमारा प्रेमी परमेश्वर है, जो हमारी प्रार्थनाओं का उत्तर देता है। यदि मैं जो माँगता हूँ, वह मेरे लिये उचित नहीं है तो कृपा कर मेरे लिये जो उचित है उसे ही दे। पवित्र परमेश्वर तूने वादा किया है कि मेरे जीवन के लिये तेरे पास शान्ति, उज्जवल भविष्य और आशा की महान योजनायें हैं। मेरा यह विश्वास है कि मेरे लिये योजनायें तेरे पास हैं वह सबसे अच्छी हैं। जैसे स्वर्ग धरती से उंफचा है वैसे ही तेरे विचार और योजनायें मेरी योजनाओं और विचारों से उंफची हैं। मुझे तेरे आदेशों का पालन करना सिखा, तेरे वचन के अनुसार मेरे लिये होने दे।

मुझे अपने मार्ग सिखा जिससे मेरे परमेश्वर मैं तेरी सच्चाई के अनुसार अपना जीवन जीउंफ। मेरे हृदय को शुद्ध कर ताकि मैं तेरा आदर कर सकूं।

हे पिता मैं यीशु के महान नाम से यह प्रार्थना करता हूँ। आमीन।।

बाइबल संदर्भ (मत्ती 7:7, भजन 86:11, यर्मियाह 22:11, लूका. 1:38, यशायाह 55:9)